**A**

**CCE RR**
**REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2019

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2019**

ಮಾದರಿ ಉತ ರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2019 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 28. 06. 2019 ] **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क**<br>**( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )**<br>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$ | |
| I. 1. | प्रेमचंद जी चौक में क्यों गये थे ?<br>**उत्तर :** प्रेमचंद जी दो-तीन ज़रूरी चीज़ें खरीदने के लिए चौक में गये थे । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | अब्दुल कलाम जी के पिता कैसे व्यक्ति थे ? | |
| | **उत्तर :** अब्दुल कलाम जी के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे । | 1 |
| 3. | हमें अच्छी आदतें किस उम्र में डालनी हैं ? | |
| | **उत्तर :** हमें अच्छो आदतें बारह साल से नीचे की उम्र में डालनी हैं । | 1 |
| 4. | ईश से दिया हुआ अनुपम धन क्या है ? | |
| | **उत्तर :** ईश से दिया हुआ अनुपम धन समय है । | 1 |
| 5. | कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया कैसी है ? | |
| | **उत्तर :** वर्तमान दुनिया विचित्र, नवीन है । | 1 |
| 6. | किंद्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने क्या तय किया ? | |
| | **उत्तर :** किंद्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे । | 1 |
| II. 7. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$ | |

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) सिंगफो आदिवासी | i) संगठित शक्ति का संदेश |
| आ) बिछेंद्री पाल | ii) पश्चिमोत्तर भारत के |
| इ) संत का गुण | iii) मुख के समान |
| ई) बाल-शक्ति | iv) पूर्वोत्तर भारत के |
| | v) प्रसिद्ध लेखिका |
| | vi) हंस के समान |
| | vii) साहसी महिला । |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** | |
| | अ) iv) पूर्वोत्तर भारत के | 1 |
| | आ) vii) साहसी महिला | 1 |
| | इ) vi) हंस के समान | 1 |
| | ई) i) संगठित शक्ति का संदेश | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$ | |
| 8. | रामू : बेईमान : : बसंत : ....................... | |
| | **उत्तर :** ईमानदार | 1 |
| 9. | मेरा बचपन : आत्मकथा : : रोबोट : ....................... | |
| | **उत्तर :** कहानी | 1 |
| 10. | कौआ : काँव-काँव : : गिल्लू : ....................... | |
| | **उत्तर :** चिक-चिक | 1 |
| 11. | बालकृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग : ..................... | |
| | **उत्तर :** गोरा / सफेद | 1 |
| IV. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $11 \times 2 = 22$ | |
| 12. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया ? | |
| | **उत्तर :** एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे के ताज का चुंबन किया । अपने थैले से हनुमान चालिसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला । उसे लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके उसको बर्फ में दबा दिया । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 13. | महादेवी वर्माजी ने गिल्लू की जान कैसे बचायी ? | |
| | **उत्तर :** महादेवी वर्माजी घायल गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लायीं । रूई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । | 2 |
| 14. | धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता क्यों थी ? | |
| | **उत्तर :** धीरज सक्सेना को अपने नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर अपना काम संभालने के लिए बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता थी । | 2 |
| 15. | बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ? | |
| | **उत्तर :** बलराम कृष्ण से बार-बार यह कहकर चिढ़ाता है कि उसकी माँ कौन है ? उसके पिता कौन हैं ? | 2 |
| 16. | रोज़ एक सेब खाने से क्या लाभ हैं ? | |
| | **उत्तर :** सेब में बहुत विटामिन है । रोज़ एक सेब खाने से डॉक्टरों की ज़रूरत नहीं रहेगी । | 2 |
| 17. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? | |
| | **उत्तर :** | |
| | मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है । जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 18. | परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?<br>**उत्तर :** सम्मेलन में आकर परसाई जी की कई चीज़ें चोरी हो गयीं । इससे तंग आकर परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया । | 2 |
| 19. | मानव के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?<br>**उत्तर :** समय बहुत अनमोल है । परिश्रम करनेवाले को ही सुख की प्राप्ति संभव है । इसलिए सही समय पर सही काम करने से सुख की प्राप्ति संभव है । | 2 |
| 20. | जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?<br>**उत्तर :** जैनुलाबदीन कहते थे कि – ''जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।'' | 2 |
| 21. | शनि का वायुमंडल कैसा है ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह को अत्यंत ठंडा ग्रह क्यों कहा जाता है ?<br>**उत्तर :** शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है । शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है । इसलिए शनि ग्रह को अत्यंत ठंडा ग्रह कहा जाता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 22. | शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?<br>**अथवा**<br>नागरिक के कोई तीन कर्तव्य लिखिए ।<br>**उत्तर :** 'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो ।'<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>* हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए ।<br>* हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए ।<br>* अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है ।<br>* देश के प्रति गौरव का भाव रखना एवं देश की एकता और अखंडता को कायम रखना हमारा कर्तव्य है । ( इनमें से कोई दो या तीन अंश ) | 2 |
| V. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12 | |
| 23. | 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । इस कथन का समर्थन कीजिए ।<br>**उत्तर :** 'सोशल नेवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है, जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है । सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं, जैसे — फेसबुक, आरकुट, ट्विटर, लिंकडइन आदि । इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए । | |
| | **उत्तर :** भारत माता के एक हाथ में न्याय-पताका है । दूसरे हाथ में ज्ञान दीप है । भारत माँ अमरों की जननी है । | 3 |
| 25. | पं० राजकिशोर के मानवीय गुण अनुसरणीय हैं । कैसे ? बताइए । | |
| | **उत्तर :** पं० राजकिशोर मजदूरों के नेता थे । वे मजदूरों की बस्तियों में जाकर उनकी मदद करते थे। बाज़ार में बसंत की दशा और परिश्रम देखकर प्रसन्न हुए और उसकी मदद करना चाहा । बसंत को दुर्घटना में घायल होने की बात से बहुत दुःखी हुए । तुरंत डॉक्टर को लेकर बसंत की इलाज करवायी । चिकित्सा का भार उठाया । इस तरह राजकिशोर सच्चे अर्थों में मानवता की मूर्ति थे । | 3 |
| 26. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए :<br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।। | |
| | **उत्तर :** तुलसीदास कहते हैं कि दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । इसलिए कवि कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण ह, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4 | |
| 27. | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी ह । स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>* पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है ।<br>* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं ।<br>* इन्हीं घाटों के कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है ।<br>* दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरा की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है ।<br>* बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरा की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।<br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फूट एकशिला प्रतिमा शांति और त्याग का संदेश देती है ।<br>* विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्पिरिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है ।<br>* मैसूर के राजमहल, सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन आर्ट गैलरी आकर्षणीय हैं ।<br>( इनमें से कोई चार अंश ) | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4<br><br>असफलता ..............................................<br>............................................................<br>............................................................<br>.............................................. भागो तुम ।<br><br>**अथवा**<br><br>राम नाम ............................................... ।<br>............................................... उजियार ।।<br><br>**उत्तर :**<br><br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गइ, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन का त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।<br><br>**अथवा**<br><br>**उत्तर :**<br><br>राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ख** | |
| | **( व्याकरण )** | |
| VII. 29. | बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : $8 \times 1 = 8$ | |
| | 'सदाचार' का विलोम शब्द है – | |
| | (A) निराचार (B) दुराचार | |
| | (C) विचार (D) समाचार । | |
| | **उत्तर :** (B) दुराचार | 1 |
| 30. | निम्नलिखित में से एकवचन है – | |
| | (A) किताबें (B) जानकारियाँ | |
| | (C) पैसे (D) कमरा । | |
| | **उत्तर :** (D) कमरा | 1 |
| 31. | निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है – | |
| | (A) हाथी (B) आदमी | |
| | (C) बहन (D) शेर । | |
| | **उत्तर :** (C) बहन | 1 |
| 32. | 'महोत्सव' शब्द में संधि है – | |
| | (A) दीर्घ संधि (B) गुण संधि | |
| | (C) वृद्धि संधि (D) यण् संधि । | |
| | **उत्तर :** (B) गुण संधि | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | दशरथ ........................ चार पुत्र थे । | |
| | इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा – | |
| | (A) का (B) की | |
| | (C) में (D) के । | |
| | **उत्तर :** (D) के | 1 |
| 34. | कहाँ चोट लगी है ? | |
| | इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है – | |
| | (A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक | |
| | (C) पूर्ण विराम (D) योजक चिह्न । | |
| | **उत्तर :** (A) प्रश्नवाचक | 1 |
| 35. | निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है – | |
| | (A) राजधानी (B) दोपहर | |
| | (C) श्रद्धा-भक्ति (D) भरपेट । | |
| | **उत्तर :** (B) दोपहर | 1 |
| 36. | निम्नलिखित शब्दों में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है – | |
| | (A) लिखावट (B) लेखन | |
| | (C) लिखाना (D) लिखाई । | |
| | **उत्तर :** (C) लिखाना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$ | |
| | परशुराम ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे । एक बार राजा कार्तवीर्य सहस्रबाहु शिकार खेलते हुए जमदग्नि के आश्रम में आए । जमदग्नि के पास कामधेनु थी जो विशेष गाय थी, कहते हैं कि वह सभी कामनाएँ पूरी करती थी । कार्तवीर्य सहस्रबाहु ने ऋषि जमदग्नि से कामधेनु गाय की माँग की । ऋषि द्वारा मना किए जाने पर सहस्रबाहु ने कामधेनु का बलपूर्वक अपहरण किया । इस पर क्रोधित हो परशुराम ने सहस्रबाहु का वध कर दिया । इस कार्य की ऋषि जमदग्नि न बहुत निंदा की और परशुराम को प्रायश्चित करने को कहा । उधर सहस्रबाहु के पुत्रों ने क्रोध में आकर ऋषि जमदग्नि का वध कर दिया । इस पर पुनः क्रोधित होकर परशुराम ने पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने की प्रतिज्ञा की । | |
| 37. | राजा सहस्रबाहु जमदग्नि के आश्रम कैसे आए ? | |
| | **उत्तर :** शिकार खेलते हुए आए । | 1 |
| 38. | सहस्रबाहु ने कामधेनु गाय की माँग क्यों की ? | |
| | **उत्तर :** कामधेनु सभी कामनाएँ पूरी करती थी । | 1 |
| 39. | परशुराम ने सहस्रबाहु का वध क्यों किया ? | |
| | **उत्तर :** सहस्रबाहु ने कामधेनु का अपहरण किया । | 1 |
| 40. | परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा की ? | |
| | **उत्तर :** पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने की प्रतिज्ञा की । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$ | |
| 41. | मैसूर का राजमहल अत्यंत सुंदर है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಮೈಸೂರಿನ ಅರಮನೆ ಅತ್ಯಂತ ಸುಂದರವಾಗಿದೆ. | |
| | The Mysore Palace is very beautiful. | 1 |
| 42. | रास्ते में उन्हें साप मिला । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ರಸ್ತೆಯಲ್ಲಿ ಅವರಿಗೆ ಹಾವು ಸಿಕ್ಕಿತು. | |
| | They found a snake on the road. | 1 |
| 43. | आशियम्मा, जैनुलाबदीन की आदर्श जीवनसंगिनी थीं । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಆಶಿಯಮ್ಮ ಜೈನುಲಾಬದೀನ್‌ರ ಆದರ್ಶ ಸಂಗಾತಿಯಾಗಿದ್ದರು. | |
| | Ashiyamma was an ideal partner of Jainulabuddin. | 1 |
| 44. | आज का युग इंटरनेट युग है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಇಂದಿನ ಯುಗ ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಯುಗವಾಗಿದೆ. | |
| | Today's age is an internet age. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| X. | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय से संबंधित पत्र लिखिए : $1 \times 4 = 4$ | |
| 45. | बड़ भाई के विवाह में सम्मिलित होने के कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें पाठशाला के वार्षिकोत्सव का वर्णन हो । | |
| | **उत्तर :** | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$ | |
| | पत्र पाने वाले का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | संबोधन व विषय 1 | 4 |
| | पत्र का कलेवर $1\frac{1}{2}$ | |
| | समाप्ति $\frac{1}{2}$ | |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$ | |
| | संबोधन और अभिवादन 1 | 4 |
| | पत्र का कलेवर $1\frac{1}{2}$ | |
| | समाप्ति और पाने वाले का पता । 1 | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 46. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$<br>क) खेल का महत्व<br>∗ प्रस्तावना<br>∗ खेल के प्रकार<br>∗ खेल से लाभ<br>∗ उपसंहार ।<br>ख) इंटरनेट-एक वरदान<br>∗ प्रस्तावना<br>∗ अर्थ<br>∗ उपयोग<br>∗ उपसंहार ।<br>ग) बेरोज़गारी<br>∗ विषय प्रवेश<br>∗ कारण<br>∗ उपाय<br>∗ उपसंहार ।<br>**उत्तर :**<br>प्रस्तावना $\frac{1}{2}$<br>विषय विस्तार $1\frac{1}{2}$<br>उपसंहार 1<br>भाषा का प्रयोग । 1 | 4 |